**S-00** Roll No. ……………………..

# MAHL–202

नाटक एवं कथेतर साहित्य

M. A. Hindi (MAHL-12/16/17)

Second Year, Examination, 2018

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. हिन्दी निबन्ध के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए।
2. " 'आधे-अधूरे' मोहन राकेश की वह नाट्यकृति है, जिसमें समाज की विसंगतियों से जूझने का प्रयास किया गया है।" इस कथन के आधार पर 'आधे-अधूरे' की समीक्षा कीजिए।
3. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबन्ध 'अशोक के फूल' का विवेचन कीजिए।

4. जीवनी विधा का तात्विक विवेचन करते हुए अपने पाठ्यक्रम में शामिल जीवनी का परिचय दीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. 'ध्रुवस्वामिनी' के स्त्री पात्रों का परिचय दीजिए।
2. संस्मरण विधा की विशेषताएँ बताइए।
3. कोकिल वायस एक सम पंडित मूरख एक।
   इन्द्रामन दाडिम विषम, जहाँ न नेकु विवेकु॥
   बसिये ऐसे देश नहिं, कनकवृष्टि जो होय।
   रहिए तो दुःख पाइए, प्रान दीजिए रोय॥
   'अंधेर नगरी' की इन पंक्तियों की सम्यक् व्याख्या कीजिए।
4. "सामाजिक जीवन की स्थिति और पुष्टि के लिए करुणा का प्रसार आवश्यक है।" इस कथन की व्याख्या कीजिए।
5. नाटक विधा के तत्वों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।
6. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबन्ध 'पंडितों की पंचायत' की अन्तर्वस्तु का परिचय दीजिए।
7. पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' की लेखन शैली पर प्रकाश डालिए।
8. जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'इन्दु' के सम्पादक कौन हैं ?
2. 'लहरों के राजहंस' जयशंकर प्रसाद का प्रसिद्ध नाटक है। (सत्य / असत्य)
3. 'अंधेर नगरी' में पाँच दृश्य हैं। (सत्य / असत्य)
4. "वीरता जब भागती है, तब उसके पैरों से राजनीतिक छल-छन्द की धूल उड़ती है।" यह 'ध्रुवस्वामिनी' के किस पात्र का कथन है ?
5. रामकुमार वर्मा का जन्मवर्ष बताइए।
6. निम्नलिखित में से जयशंकर प्रसाद का नाटक कौन-सा नहीं है ?

   (क) अजातशत्रु

   (ख) चन्द्रगुप्त

   (ग) कल्याणी परिणय

   (घ) नीलदेवी
7. अर्धकथानक का प्रकाशन वर्ष .................... है।
8. हिन्दी एकांकी का जनक ............ को माना जाता है।
9. मनोविकारपरक निबन्धों के लिए कौन प्रसिद्ध है ?
10. अंधेर नगरी ............. है। (भाण / प्रहसन / गीतिका)